दक्षिणतस्, दाहिणतस, क्रिवि० दक्षिण से, दाहिनी ओर से, दाईं तरफ, दक्षिण की ओर; from the south, on right, to the right hand, southward or from south.

दक्षिणतः स्थित, दाहिणओ ठिउ/ठिओ वि० त्रि० दाहिनी ओर खड़ा; standing right side.

दक्षिणता, दाहिणआ, स्त्री० दाक्षिण्य, सबको खुश रखना, औदार्य, आर्जव, शराफत, भद्रता; generosity, courtesy.

दक्षिणता-सम्पन्न, दाहिणआ-संपणा, वि० त्रि० सबसे बनाए रखनेवाला; generous.

दक्षिणदेश, दाहिणदेसो, पुं० शराबती नदी से पूर्व-दक्षिणवर्ती प्रदेश; the region south-east of the river Saravati

दक्षिणधुरीण, दाहिणधुरीण, वि० त्रि० जुए में दाहिनी ओर जुड़ा; yoked on the right side of the yoke.

दक्षिणपञ्चाल, दाहिण-पंचालो, पुं० दक्षिण पञ्चाल प्रदेश से संबद्ध; belonging or relating to the southern Pancalas.

दक्षिणपश्चात्, दाहिणपच्छा, क्रिवि० दक्षिण-पश्चिम की ओर; south-west from

दक्षिणपश्चार्थ, दाहिणपच्छत्थ, पुं० दक्षिण-पूर्वीय; south-east side.

दक्षिणपूर्वक, दाहिणपुव्वग, वि० त्रि० दक्षिण-पूर्वीय; south-eastern

दक्षिणप्राची, दाहिणपाइ, स्त्री० दक्षिण पूर्वी; south-eastern.

दक्षिणमार्ग, दाहिणमग्ग, पुं० (किसी नक्षत्र का) दक्षिण मार्ग, हिंसा के विरूद्ध आचार; southern course (of a planet).

दक्षिणस्थ, दाहिणत्थ, पुं० सारथि; charioteer = standing on the right of his master.

दक्षिणवामक, दाहिवामग, [-कौ] वि० त्रि० भले और बुरे, दाएं-बाएं; good and bad.

दक्षिणाग्नि, दाहिणग्गि, पुं० वेदि के दक्षिण की ओर अग्नि; the southern fire of the altar.

दक्षिणाग्र, दाहिणग्ग, वि० त्रि० जिसका अग्र दक्षिण की ओर है; having the points turned to the south.

दक्षिणाञ्चल, दाहिणंचलो, पुं० देश का दक्षिणी भाग; southern part of the country.

दक्षिणाचल, दाहिणायल, दक्षिण का पर्वत; southern mountain.

दक्षिणाचार, दाहिणायार, वि० त्रि० शिष्ट, भद्र, सौम्य, सबसे बनाए रखना, हिंसा के विरूद्ध; well-behaved, noble.

दक्षिणचारिन्, दाहिणायारिं, वि० त्रि० वैदिक या श्रौतमार्ग से पूजा करनेवाला; worshipper in Vedic way in which no wine or meat are used.

दक्षिणापथ, दाहिणापहो, पुं० भारत का दक्षिण प्रदेश; Deccan

दक्षिणापर, दाहिणावर, वि० त्रि० दक्षिण-पश्चिमी, south-western.

दक्षिणापवर्ग, दाहिणाववग्ग, वि० त्रि० दक्षिण की ओर समाप्त होनेवाला; terminating in the south.

दक्षिणाब्धि, दाहिणद्धि, पुं० दक्षिण समुद्र; southern ocean.

दक्षिणाभिमुख, दाहिणाहिमुह, वि० त्रि० दक्षिण की ओर मुंह वाला; facing south.

दक्षिणामूर्ति, दाहिणामुत्ति, पुं० दक्षिण की ओर मुंह करके उपदेश देने वाले शिव; Śiva seated facing the south when instructing the sages.

दक्षिणायन, दाहिणायण, [= दक्षिणेतिः, दक्षिणां दिशं प्रति अयनं गमनम् = विसर्गकालः, कर्कटयदयो धनुरन्ताः] न० दक्षिण की ओर सूर्य की गति, कर्क राशि से धन राशि तक, जब सूर्य संक्रमण

करता है वह समय = वर्षा, शरद्, हेमन्त; southern course of sun.

दक्षिणायुग्य, दाहिणाजुग्गो, पुं० जुए में दाहिना अश्व अथवा बैल; the rightyoke horse or ox = दक्षिणाधुरीणः

दक्षिणारण्य, दाहिणारण्ण, न० दक्षिण की ओर का वन; southern forest.

दक्षिणार्ध्य, दाहिणद्ध, वि० त्रि० दाहिनी ओर का; being on the right or southern side.

दक्षिणार्ध, दाहिणद्ध, न० दाहिनी ओर का आधा भाग, शरीर का दायां भग, दायां हाथ, दाईं ओर, right half, right half of the body in the right side, right hand.

दक्षिणावचर, दाहिणावचर, वि० त्रि० दाहिनी ओर को फड़कनेवाला (भ्रूण); moving to the right in the womb.

दक्षिणावत्, दाहिणावं, वि० त्रि० दक्षिण वाला, दाता; possessing sacrificial gifts, bestowing gifts.

दक्षिणावर्त, दाहिणावत्त, [शंख] पुं० वाम से दक्षिण की ओर घूम वाला; turning from left to right, a conch-shell. Note

दक्षिणाशा, दाहिणासा, स्त्री० दक्षिण दिशा; south.

दक्षिणाशापति, दाहिणासावइ, पुं० दक्षिण दिशा का स्वामी, यम; the lord of south, Yama.

दक्षिणीय, दाहिणीअ, वि० त्रि० दक्षिणा-योग्य; worthy of sacrificial fee = दक्षिणेयः, दक्षिण्यः giving up.

दक्षिणेतर, दाहिणेयर, वि० त्रि० वाम; left, other than right.

दक्षिणेर्म, दाहिणेम्म, [दक्षिणे ईर्मं व्रणं यस्य] वि० त्रि० दाहिनी ओर क्षत वाला, दाहिनी ओर टूटी (गाड़ी); wounded on the right side, broken on the right side (a cart)

दक्षिणोदग्द्वारा, दाहिणोदग्गवारा, स्त्री० वह पुरी जिसका द्वार दक्षिणोत्तराभिमुख है; having the gates facing south and north.

दग्ध, दड्ढ, [दह् 'भस्मीकरणे,' 'दहति' = ज्वलः] वि० त्रि० जला, फुका, दहा, दाझा, अभितप्त, दयनीय, शोचनीय; burnt, pained miserable: दग्धोदर, जला पेट; it is also used as a curse.

दग्धकाक, दड्ढकागो, पुं० मुआ काग; inauspicious crow, a raven.

दग्ध-जठर, दड्ढजढर, दग्धोदर Having it destroyed belly A ccursedbelly.

दग्ध-देह, दड्ढदेहो, पुं० पापी देह; a cursed body.

दग्धयोनि, दड्ढजोणि, वि० त्रि० जिसका जन्मस्रोत नष्ट हो गया है; having its origin destroyed.

दग्धाक्षर, दड्ढक्खर, न० छंदःशास्त्र के अनुसार झ, ह, र, भ, ष, ये दग्धाक्षर माने जाते हैं और श्लोक आदि में इनका प्रयोग वर्जित है; in prosody the syllables झ, ह, र, भ and ष are treated as दग्धाक्षर and their use at the beginning of a verse is prohibited.

दग्धातिथि, दड्ढाइहि, स्त्री० कुछ तिथियां विशेष वार के दिन पड़ने पर दग्धा और अशुभ मानी जाती है; some tithis falling on particular days are called dagdha and are treated inauspicious

दग्धेष्टका, दड्ढेट्टगा, स्त्री० पकी ईंट; burnt brick.

दग्धोदर, दड्ढोदर, न० जला पेट; accursed belly

दण्ड, दंड, [√दण्ड् 'दण्डनिपातने', दण्डयति] पुं० डण्डा, छड़ी, यष्टि, लाठी, अर्गला, हाथी की सूंड, शक्ति फौज, सजा, दुष्टनिग्रह, समय का परिमाण-विशेष (10 दण्ड = चार घंटे), शक्ति का प्रतीक दण्ड, शक्ति का उपयोग, किसी भी प्रकार की सजा; club, stick, a wooden bar for fastening a door, elephant's trunk, power, army, punishment, infliction of punishment.

दण्डक, दंडगो, पुं० एक राजा, name of a king. -काः दंडगा, पुंन० early Manava, later Bhoja 'Yadava' rulers with their capital at Kumbhavati. -म्, दंडगो, -कः, दंडगो, पुंन० हत्था, हलस; handle, beam of a plough. -म् न० समासाढय

पद-माला; composition full of compounds, opposed to 'Tadaka' -कारण्य, दंडगारण्णं, न० शुक्र के शाप से दण्डक राजा का राज्य नष्ट होकर जंगल बन गया था। इस वन में दक्षिण की ओर जाते समय श्रीराम ठहरे थे; Dandaka forest, where Rāma stayed while going to the south. It comprised all the forests from Bundelkhanda to Krsna river = दण्डकावनम्, जनस्थानम्, एक छंद जो 32 अक्षर का होता है; a metre having 32 syllables.

दण्डकन्द, दंडकंदो, पुं० भूमिकेन्द्र; a central place of land. Earth place.

दण्डकपालिन्, दंडपालि, वि० त्रि० दण्ड और कपालधारी; carrying a staff and skull.

दण्डकर्तृ, दंडकत्तुं, पुं० सजा देने वाला; one who punishes = दण्डधरः

दण्डकर्मन्, दंडकम्म, न० सजा; punishment = दण्डधारणम् दंडधारणं Punishment ful.

दण्डग्राह, दंडग्गाह, वि० त्रि० दण्डधारी; staff-bearer.

दण्डगौरी, दंडगोरी, स्त्री० एक अप्सरा; a nymph.

दण्डघटना, दंडघडणा, स्त्री० डंडा दिखाना और पांवों पड़ना; waving a stick and prostrating one's self.

दण्डघातुक, दंडघाउग, वि० त्रि० दंड से हत्या करनेवाला; killing with a stick or through a punishment.

दण्डचक्र, दंडचक्कं, न० सैनापत्य, फौज का एक डिवीजन; the command of an army, a division of army = दण्डस्थानम्, दण्डानीकम् A place of army.

दण्डढक्का, दंडचुक्का, स्त्री० युद्ध का डंका, नगाड़ा; war-drum.

दण्डदास, दंडदासो, पुं० जुर्माना न दे सकने पर बना दास; person enslaved for non-payment of fine.

दण्डधर, दंडधरो, पुं० सेनानायक, यमराज, सिपाही, चौकीदार; commander of army, death god, policeman, watchman.

दण्डधारक, दंडधारग, (1) वि० त्रि० डंडेवाला, जुर्माना करने वाला; rob-bearer punisher. (2) -कः दंडधारगो, पुं० रक्षाधिकारी, न्यायाधीश, judge, policeman [= प्रधान-दण्ड-धारकः मुख्य रक्षाधिकारी] = दण्ड-धारिन्।

दण्डन, दंडण, (1) वि० त्रि० दण्ड-साधन, वेतस; cane. (2) -म्, दंडणं, न० सजा; punishment.

दण्डनायक, दंडणायगो, पुं० यम, फौजदारी का अफसर, जज; Yama, officer dealing with criminals, judge.

दण्डनिपातन, दंडणिवायणं, न० सजा देना; punishing, administering justice through rod.

दण्डनिपातक, दंडणिवादग, वि० त्रि० सजा निर्धारित करनेवाला; deciding punishment.

दण्डनीति, दंडणीइ, स्त्री० राजनीति जिसमें राज्यशासन के सभी अङ्ग सम्मिलित हैं, दण्ड द्वारा शासन, न्याय करना, अर्थशास्त्र-प्रतिपादित नीति; application of rod, administration of justice, the system of civil and military administration taught by Cāṇakya.

दण्डनीतिनिर्धारक, दंडणीइणिद्धारग, पुं० दण्डनीति के आचार्य मनु, चाणक्य आदि; the writers of penal code.

दण्डनीय, दंडणीय, वि० त्रि० दंड देने योग्य; deserving punishment.

दण्डनेतृत्व, दंडणेउत्तं, न० शासन, अदालत; judicature.

दण्डपांसुल, दंड-पंसुल, पुं० प्रतिहार; door-keeper

दण्डपाणि, दंडपाणि, वि० त्रि० दण्ड है हाथ में जिसके ऐसा 'यम', सिपाही; Yama, having a club in hand, policeman.

दण्डपाद, दंडपाअ, पुं० नाट्य-शास्त्र में प्रसिद्ध पादाघात-विशेष; a particular type of striking with foot.

दण्डपारुष्य, दंडपारुस्स, न० कठोर दण्ड; harsh punishment.

दण्डपाल, दंडवाल, वि० त्रि० दण्ड से संबद्ध अधिकारी (कुड़क अमीन आदि), न्यायाधीश; superintendent of punishment, judge.

दण्डपालिका, दंडवालिगास्त्री न्याय व्यवस्थापिका संस्था, न्यायपालिका; judiciary.

दण्डपाशिक, दंडपासिग, [or -पाशक] वि० त्रि० फांसी देने वाला, सिपाही, दरोगा; hangman, policeman.

दण्डप्रजित, दंडपजिअ, वि० त्रि० डंडे से भगाया; driven with a stick.

दण्डप्रणत, दंडपणअ, पुं० डंडे के समान नीचे झुका या लेट्य; lying like a stick.

दण्डप्रणाम, दंडपणाम, पुं० डंडे की तरह लेटकर साष्टाङ्ग प्रणाम; prostration of the body at full length.

दण्डपुरुष, दंडपुरिस, पुं० दण्डनीय व्यक्ति, दंड देनेवाला; one deserving punishment, proclaiming punishment.

दण्डप्रणीत, दंडप्पणीअ, वि० त्रि० जिसे जुर्माना किया गया है; one who has been fined.

दण्डवालधि, दंडावलहि, पुं० हाथी; elephant stick-tailed.

दण्डभङ्ग, दंडभंगो, पुं० सजा तोड़ देना; omission of punishment.

दण्डभृत, दंडभिउ, पुं० = दण्डधरः Watchman. policeman.

दण्डमाणव, दंडमाणवा, पुं० सन्यासी, ब्रह्मचारी; ascetic, Brahmacarin = holding a stick of Palāśa.

दण्डयात्रा, दंडजत्ता, स्त्री० सेना-प्रयाण, वर-यात्रा; march of army, bridal procession.

दण्डवध, दंडबहो, पुं० डंडे या दण्ड से मौत; death by club or punishment

दण्डवासिन्, दंडवासि, वि० त्रि० गांव का मुखिया; chief of village.

दण्डवाहिन्, दंडवाहि, वि० त्रि० डंडा बाहने या चलानेवाला; a policeman wielding stick. Cp.

दण्डविधायक, दंडविहायग, वि० त्रि० दण्डपाल

दण्डविधायिका, दंडविहाइगा, स्त्री० दण्डपालिका

दण्डविष्कम्भ, दंडविक्कंभ, पुं० रई को थामने की टेक या भीत; the support of the churning stick.

दण्डादण्डि, दंडाडंडि, न० डंडे से लड़ाई; mutual fight with sticks.

दण्डाजिन, दंडाजिणो, न० कोरा डंडा और अजिन, धोखा देना; staff and dress of skin: mere outward marks of devotion and renunciation.

दण्डाजिनधर, दंडाजिणहर, वि० त्रि० दण्ड और चर्म धारण करनेवाला; having stick and skin.

दण्डापूपिकान्याय, दंडापूविकाणाओ, पुं० [मूषकैर्दण्डानां भक्षणेऽपूपमभक्षणमर्थात् सिद्धमिति न्यायः] एक बड़े कार्य के हो जाने से साथ के सरल कार्य का सिद्ध होना डंडे और पुओं के उदाहरण से मान लेना। stick and cake maxim, a method of reasoning in which a selfevident truth is illutrated by saying that a mouse which has eaten a stick is sure to eat a cake.

दण्डावयव, दंडावयवो, पुं० संग्रामोपकरण हस्त्यश्वादि; requisites for war, elephants etc.

दण्डावयवसंग्रह, दंडावयवसंगहो, पुं० सेना के अंगों को जमा करना; to acquire the parts of army.

दण्डिन्, दंडि, (1) वि० त्रि० डंडेवाला; carrying a stick. (2) -ण्डी, दंडी, पुं० सन्यासी, द्वारपाल, सिपाही; a samnyasin, name of an order of ascetics founded by Samkara, door-keeper, policeman. (3) प्रसिद्ध कवि और काव्यशास्त्री दंडी जो कि काव्यादर्श, अवन्ति सुन्दरी कथा आदि के

रचयिता थे; the famous poet and rhitorician Dandin who wrote Kavyādarśa, Avantisundari Katha etc.

दण्डिमुण्ड, दंडिमुंड, पुं० शिव; Śiva, holding staff and being bald.

दण्डोपघातं, दंडोवघाअं, [गाः कालयति] डंडे से (चोरों को मार कर) गौएं हांकता है; drives the cows after striking the thieves away with stick or drives the cows striking with stick.

दण्डोपनत, दंडोवणअ, वि० त्रि० युद्ध में पराजित; defeated in the battle.

दण्ड्य, दंड, वि० त्रि० दण्डनीय, दण्ड-योग्य अपराधी, मुजरिम; to be punished, criminal

दत्त, दत्त/दिण्ण, [√दा + त] (1) वि० त्रि० दिया; given. दत्तरक्षाप्रतिसरा 'दत्तो रक्षार्थं प्रतिसरो दूर्वाकङ्कणादिरूपो यस्यां यस्यै वा' (2) -म्, दत्तं/दिण्णं, न० दान; giving, gift. अदत्तानुनयः अशिक्षितः

दत्तक, दत्तगो, पुं० गोद लेने के लिये दिया पुत्र; son given away by his natural parents to another person for adoption.

दत्तकर्ण, दत्तकण्णो, वि० त्रि० ध्यान से या चोरी से सुननेवाला; listening to, giving ears to

दत्तदृष्टि, दत्तदिट्ठि, वि० त्रि० नजर टिकाए; looking on, directing eyes towards: cp. बद्धदृष्टिः दत्ताक्षः

दत्तनृत्योपहार, दत्त-णच्चुवहार, वि० त्रि० जिसे नृत्य का उपहार पेश किया गया है; presented with compliment of dance.

दत्तपूर्वोक्तशापभी, दत-पुव्वोत्त-सावही, वि० त्रि० पहले दिए शाप से डराता हुआ; causing fear by a previously uttered curse.

दत्तशुल्का, दत्तसुक्का, स्त्री० जिसके लिए शुल्क दिया गया है; for whom dowry has been given (a bride)

दत्तस्कन्ध, दतत्त-खंध, वि० त्रि० जिसने कन्धा दिया है; one who has given shoulder.

दत्तस्यानपाकर्मन्, दत्तसाणपाकम्मं, न० दिए धन को वापस न लेना; to take back what once has been given.

दत्तहस्त, दत्तहत्थ, पुं० जिसने हाथ का सहारा दिया है, जिसे हाथ का सहारा दिया गया है; one supporting by extending hand, one supported by extended hand.

दत्तातङ्क, दत्तातंक, वि० त्रि० आतङ्क पैदा करने वाला; cousing fear to

दत्तात्मन्, दत्तप्प, वि० त्रि० जो अपने आप को देता है; one who gives himself for adoption as a child.

दत्तात्रेय, दत्तातेअ, पुं० अत्रि एवं अनसूया का पुत्र, जिसने अर्जुन कार्तवीर्य पर कृपा की थी; son of Atri and Anusuyā, who favoured Arjuna Kārtavīrya

दत्तादर, दत्तायर, वि० त्रि० आदृत, सभाजित; given respect, treated with respect.

दत्ताप्रदानिक, दत्तापयाणिगं, [दत्त + अप्र-] वि० त्रि० देय को न देने के विषय में; relating to the non-delivery of gift.

दत्तावधान, दत्तावहाण, वि० त्रि० ध्यान देने वाला; attentive

दत्तावपाकर्मन्, दत्तावकम्मं, न० देकर वापस न दिए द्रव्य के विषय में विवाद; dispute about wealth that was given and not claimed back

दत्ति, दत्ति, [√दा] स्त्री० दान; gift निवापदत्तिभिः

ददत्, दद, [√दा] वि० त्रि० देने वाला; giving स्त्री० -ती, ददती, द-दि वि० त्रि० दाता; giving. दाइ देज्जा।

ददन, ददण, न० देना; to give.

द-दश्-वस्, द-दस वस, [-वांस् √दश्] काटकर, डस चुका; having bitten.

दद्य, दज्ज, [√दा] वि० त्रि० दानार्ह; deserving of gift.

दद्-वस्, ददवस, [-वान् A दा] देकर; having given

दत्रिम, दत्तिम, पुं० दान में मिला पुत्र; son obtained as donation.

दद्रु, दद्दुं, [√द्रु 'गतौ'] पुं० दाद (जो तेजी से फैलता है); ringworm, cutaneous eruption.

दद्रुघ्न, दद्दुहण, वि० त्रि० दादनाशक; ring-worm killer

दद्रुल, दद्दुल, [दद्रु-] वि० त्रि० दादवाला; suffering from cutaneous eruption.

दधि, दहि, [√धा] न० दही; curd

दधिकूर्चिका, दहिकुच्चिगा, स्त्री० दही-दूध मिले; mixture of curd and milk

दधिधन, दहिहणं, पुं० चक्का, दही; thickened curd = दधिपिण्ड:

दधिकर्ण, दहिकण्णो, पुं० एक बिलाव; a cat

दधि-घर्म, दहिघम्म, पुं० गरम दही की आहुति, oblation of warm curd

दधिचार, दहियारो, पुं० रई; churning stick

दधिज, दहिजं, न० नवनीत Butter.

दधिधानी, दहिहाणी, स्त्री० कछाली, मटकी; vessel for keeping curd = दधिभाण्डम्

दधिप्रयस्, दहिपय, [-प्रयसी] न० दही-दूध; curd and milk.

दधिभक्त, दहिभत्त, पुं० दही सहित भात, दध्योदन; curd and rice.

दधिमण्ड, दहिमंड, पुं० दही का पानी; whey

दधिसक्तु, दहिसत्तु,[-सक्तवः, दध्युपसिक्ताः सक्तवः] पुं० दही मिले सत्तु; barley-meal mixed with curd

दधिसार, दहिसार, पुं० नवनीत = दधिस्नेहः Butter.

दधीच, दहीअ, [= दध्यञ्च्] पुं० एक ऋषि जिसने वृत्रवधार्थ इन्द्र को अपनी अस्थियां सौंप दी थीं; a celebrated sage who donated his bones to Indra for the slaughter of Vṛtra = दधीचि, दध्यञ्च्

दधीचि-आश्रम, दहीइ-आसम, पुं० दधीचि का आश्रम सरस्वती के तट पर था; hermitage of Dadhici lay on the bank of Sarasvatī

दधृष्, दहिस, [NS. √दधृक्, √धृष्, धृष्णोतीति or √धृष् प्रहसने, धर्षयति, धर्षति] धृष्ट, ढीठ; defient.

दध्यञ्च, दहिंच, वि० त्रि० दही छिड़कने वाला; sprinkiling curd.

दध्यन्न, दहिण्ण, न० दही के साथ अनाज; canal alongwith curd.

दध्योदन, दहि-ओयणं, न० दधिभक्त Curd and rice

दध्युदकम्, न० दही का पानी; the water drawn out of curd.

दनु, दणु, [√दा] स्त्री० दक्ष की पुत्री और कश्यप की पत्नी, जिससे दानव उत्पन्न हुए थे; Dakṣa's daughter married to Kaśyapa, whence arose the Danavas.

दनुज, दणुज, पुं० असुर, दैत्य; demon

दनुजरिपु, दणुजरिउ, पुं० दानवों का शत्रु; enemy of asuras, Viṣṇu

दन्त, दंत, [√अद्] पुं० दांत, सांप का दांत, हाथी दांत, सानु, निकुञ्ज; tooth, fang, elephant's tusk, declivity of a mountain, peak, bower.

दन्तक, दंतक, पुं० आगे निकले पहाड़ी टीले; projections of a hill

दन्तकर्षण, दंतकस्सण, पुं० चूना; infuring teeth = lime

दन्तकार, दंतकार, पुं० हाथी दांत का काम करने वाला; ivory-worker = दन्तघातः, दन्तघाटकः - दंतघाडगो Teeth meker.

दन्तकाष्ठ, दंतकट्ठ, न० दातुन, stick used as a tooth brush.

दन्तकूर, दंतकूरर, पुं० संग्राम; fight.

दन्तघर्ष, दंतघरिस, पुं० दन्त-घर्षण; chattering of teeth = दन्तसंघर्षः gnashing of teeth

दन्तघात, दंतघाउ, पुं० दांत का क्षत; a bite.

दन्तचाल, दंतचाल, पुं० दांत हिलना; looseness of teeth

दन्तच्छद, दंतच्छद, पुं० ओंठ, lip, tooth-cover = दन्तच्छदम्, दन्तवस्त्रम्, दन्तवासस्

दन्तजात, दंतजाउ, वि० त्रि० जात-दन्त, दांतों का

समूह; whose teeth gave grown, teeth.

दन्तजाह, दंतजाह, पुं० दांत की जड़; root of a tooth

दन्तदर्शन, दंतदंसणं, न० दांत दिखाना; showing teeth (said of a dog or a jackal)

दन्तधाव, दंतधाव, पुं० दांत साफ करना; cleaning the teeth = दन्तपवनम् - दंतपवणं

दन्तनिष्कासित, दंतण्डिक्णासिअ, वि० त्रि० गीदड़; jackal, cp. गीदड़-भभकी; in Hindi.

दन्तपत्र, दंतपत्त, न० कर्णाभरण, वाली; ear-ornament, ear-ring. -पत्रिका स्त्री० हाथी दांत की वाली; ivory ear-ring.

दन्तपवन, दंतवपणो, पुं० दांतों की शुद्धि, दांत साफ करनेवाला; cleaning the teeth, tooth brush.

दन्तपात, दंतपाड, पुं० दांत झड़ना; falling of teeth

दन्तपालि, दंतवालि, स्त्री० हाथी दांत की मूठ; ivory hilt (of a sword). -पाली स्त्री० मूसड़ा; the gums

दन्तपावन, दंतवावण, न० = दन्तधावः, दन्तप्रकाशनम् cleaning the teeth.

दन्तपुप्पुट, दंतपुप्पुड, पुं० मसूड़ा सूज जाना, मसूड़े का फोड़ा; gum-boil = दन्तविद्रधी, दन्तार्बुदः

दन्तपुखम्, दंतमुहं, न० कुन्द का फूल; kunda flower resembling teeth.

दन्तबीज, दंतबीज, पुं० अखरोट, pomegranate

दन्तभङ्ग, दंतभंगो, पुं० दांत टूटना; fracture of teeth

दन्तमय, दंतमअं, वि० त्रि० हाथी दांत का बना; made of ivory.

दन्तमञ्जन, दंतमंजण, न० दांत साफ करने का चूर्ण; tooth powder.

दन्तमूल, दंतमूलं, न० = दन्तजाहः Root of a tooth.

दन्तलेखक, दंतलेहगो, पुं० दांत पेंट करनेवाला, दन्तकार; one who lives by painting or cleaning teeth, a dentist.

दन्तवर्ण, दंतवण्ण, वि० त्रि० चिट्टा; brilliant

दन्तवासस्, दंतवास, न० होंठ, lip

दन्तवाणिज्य, दंतवाणिज्ज, न० हाथी दांत का व्यापार; ivory trade

दन्तवीणा, दंतवीणा, स्त्री० दांत बजना; chattering of teeth

दन्तवेष्टक, दंतवेट्ठग, पुं० ऊपर नीचे के मसूड़े; the gums of the upper and lower jaw.

दन्त-वेष्टन, दंतवेट्ठणं, न० दांतों के ऊपर का खोल; a case round an elephant's tusk = दन्त प्रवेष्टः - दंतप्पवेअे।

दन्तव्यसन, दंतविसणं, न० दन्तपीड़ा, दांतों की तकलीफ; decay of teeth. pain of teeth.

दन्तवैदर्भ, दंतवेदब्भो, पुं० दांतों का हिलना, ढीला पड़ना; loosening of teeth

दन्तशङ्कु, दंतसंकु, न० दांत निकालने का जंबूरा; pair of pincers for extracting teeth

दन्तशर्करा, दंत-सक्करा, स्त्री० दांतों की टाटरी; tartar of the teeth

दन्तशाण, दंतसाणो, पुं० दांतों की टाटरी निकालने का यंत्र; the machine for removing tooth tarter

दन्तशोफ, दंतसोफं, पुं० मसूड़े फूलना; swelling of gums.

दन्तस्कवन, दंतक्कवणं, [√स्कु आप्रवणे] न० दांत साफ करना; cleaning the teeth

दन्ताग्र, दंसग्ग, न० दांतों का सिरा; point of teeth

दन्ताद, दंताद, वि० त्रि० दांत खाने या घिसने वाला; corroding teeth

दन्तादन्ति, दंतादंति, न० दांतों-दांती; tooth against tooth (in fighting)

दन्तान्तर, दंततरं, न० दांतों के बीच या खाली स्थान; space between teeth

दन्तालि, दंतालि, स्त्री० दन्त-पंक्ति; row of teeth

दन्तालिका, दंतालिग, स्त्री० लगाम; bridle = मुखरिका

दन्तावल, दंतावलो, पुं० दांत वाला (हाथी); elephant = दन्तिन्

दन्तुर, दंतुर, [उन्नता दन्ता यस्य] वि० त्रि० आगे निकले

दांतों वाला, आगे-पीछे खड़े दांतोंवाला; having projected teeth, having bristling or uneven teeth

दन्तुरित, दंतुरिउ, वि० त्रि० दन्तुर कुटिल विषम, व्याप्त; having prominent teeth, crooked, uneven, pervaded, filled with

दन्तोलूखलिक, दंतोलूखलिग, वि० त्रि० 'जरया नष्ट-दन्त:' whose teeth have fallen

दन्त्य, दंत, [दन्ते भव:] वि० त्रि० जिन अक्षरों के उच्चारण में जीभ दांतों के साथ लगती है; (लृ, त्, थ्, द्, ध्, न्, ल्, स्) the dentals.

दन्दशूक, दंतसूग, [√दश् √दंश्] (1) पुं० सांप, राक्षस, एक नरक; snake, demon, a hell. (2) वि० त्रि० दंशनशील, मर्मच्छेत्ता, निष्ठुर, तीक्ष्ण, तेज, बार-बार खाने वाला; mordant, biting, cruel, sharp, quick, eating again and again. Formation like.

दन्द्रमण, दंदमण, [√द्रम्, 'गतौ', द्रमति] वि० त्रि० कुटिलगति, भ्रमण-शील; of crooked or sharp movements, fond of roaming about.

दन्द्रम्यमाण, दंदम्ममाण, वि० त्रि० उल्टे या गलत मार्ग पर चलनेवाला

दभ्य, दब्भ, वि० त्रि० हिंस्य, वञ्चनीय; deceivable.

दभ्र, दब्भ, वि० त्रि० अल्प; small

दभ्रचेतस्, दब्भचेअ, वि० त्रि० छोटे दिल का; small-minded, low-minded.

दभ्रबुद्धि, दब्भ-बुड्डि, वि० त्रि० कम समझ का; having little intellect.

दभ्रवर्षिन्, दब्भवस्सि, वि० त्रि० मामूली बारिश करनेवाला, थोड़ा बरसनेवाला, थोड़ा देनेवाला; raining little, lesser giving.

√दम्, दम, सक० ['उपशमे' दाम्यति, दान्त, दमयति] बस में करना, रोकना, जीतना; to tame, resrain, conquer

दम, दमो, पुं० बाह्य इन्द्रियों का विषयों से निवर्तन, आत्मसंयमन, दण्ड; restraingt of external senses, self-restraint, self-control, punishment, fine. वरं मे अप्पा दंखो।

दमक, दमगो, वि० त्रि० विनेता, दमन करनेवाला; taming, subduing

दमघोष, दमघोसो, पुं० एक राजा, शिशुपाल का पिता; a king of Chedi, father of Śiśupāla.

दमथ, दमहु, (also -थु:) पुं० दण्ड, दम, दमन, दान्ति; punishment, controlling, subduing, curbing.

दमन, दमण, (1) वि० त्रि० विजेता, वश में करने वाला; taming, conquering. (2) -म् दमणं, न० दम, दबाना; controlling. (3) -न: दमणो, पुं० सारथि; charioteer.

दमनक, दमणग, वि० त्रि० वीर; hero. -क: दमणगो, कुन्द-पुष्प, एक गीदढ़; *Kunda*-flower, name of a jackal.

दमनककथा, दमणग-कहा, स्त्री० दमनक नामक गीदड़ की कहानी; a story related to a jackal.

दमनचक्र, दमणचक्कं, न० लगातार लोगों को दबाने का चक्कर; continuous act of appression.

दमनभञ्जिका, दमणभंजिगा, स्त्री० दमनक पुष्प तोड़ने का खेल; breaking *damanaka* flowers, a sort of sport.

दमनीय, दमणिज्ज, वि० त्रि० दम्य-योग्य; fit to be tamed. दमन योग्य

दमयन्ती, दमजंती, [√दम्] भीम-पुत्री, राजा नल की पत्नी, यह विदर्भ देश के राजा भीम की पुत्री थी; Bhīma's daughter and Nala's wife, known for her chastity and fidelity so called because by her unparalled beauty she subdued the pride of all lovely women. (दमयंती A boly woman)

दम्पती, दम्मई, [√अ] वि० त्रि० पति-पत्नी, husband and wife : the two masters of the house.

√दम्भ्, दब्भ, [दम्भने, दभ्नोति, दब्ध, दम्भयति, दिदम्भिषति, धिप्सति] धोखा देना; to deceive, delude

दम्भ, दब्भ, [= दम्भनम्, धर्मध्वजित्वम्] पुं० लोकवञ्चनार्थ कर्मानुष्ठान, धोखा, ब्याज, छल, कपट; deceit, fraud, hypocricy. -चर्या, स्त्री० धोखा; deceit. Note दम्भः [दभ्नाति शत्रूनिति] शिव; Śiva. -मुनिः hypocritical muni

दम्भपूर्ण, दब्भपुण्ण, वि० त्रि० धोखे से भरा, दिखावे का बिडालचेष्टित; deceitful.

दम्भिन्, दब्भि, वि० त्रि० छली, कपटी; cheat, deceitful = दम्भकः

दम्भोलि, दब्भोलि, पुं० वज्र; thunderbolt. -पाणिः Indra

दम्य, दम्म, [√दम्] (1) वि० त्रि० शिक्षा, अनुशासन अथवा दमन के योग्य; tamable. (2) -म्यः दम्मो, पुं० साधने योग्य बछड़ा; young bull to be tamed.

√दय्, दय, अक० [दानगतिरक्षणहिंसादानेषु, दयते] दया करना सहानुभूति दिखाना; to have pity on, have sympathy with.

दया, दआ, स्त्री० अनुकम्पा, कृपा; favour, sympathy, Note दया 'अनुकम्पा', अनुक्रोशः आदरः

दयालु, दआलु, वि० त्रि० सदय, दयाल; compassionate

दयाकूट, दआकूड, पुं० बुद्ध; epithet of Buddha as embodiment of compassion = दयाकूर्चः, दयानिधः

दयामय, दयामअ, वि० त्रि० दया भरा; kind-hearted.

दयाहीन, दआहीण, वि० त्रि० दयाभाव से शून्य; void of pity, cruel

दयित, दइअ, [√दय्] (1) वि० त्रि० इष्ट, प्रियतम; dear, beloved. (2) -तः दइओ, पुं० पति, प्रणयी; husband, lover. -ता, दइआ, स्त्री० पत्नी, प्रेयसी, वल्लभा; wife, beloved woman. दयिततनयः पुत्रप्रियः

दयितप्रजः, दइअपजो, वि० त्रि० प्रजावत्सल, संतान से प्रेम रखनेवाला; loving one's people or progeny

दर, दर, [√दृ] (1) वि० त्रि० थोड़ा; a little: दरमन्थरः a little slow, दरश्लथः a little loose, (2) -रः दरो, पुंन० गुफा, छेद, नाभि, विवर, शंख, भय, त्रास, नदी; cave, hole navel, conch-shell, fear, terror, stream. -करः दरयरो, पुं० वरमा; holemaker.

दरस्मित, दरम्हिअं, न० हल्की मुस्कान, slightly smile.

दरत्, दर, स्त्री० प्रपात, भय, पर्वत; fall, fear, mountain.

दरतिमिर, दरतिमिरं, न० भयान्धकार; darkness of fear

दरद, दरअ, [Ptolemy Daradrai, Dardic] गिलगित एवं हुंजा का प्राचीन नाम (काश्मीर के उत्तरपश्चिम में); ancient name of Gilgit and Hunja region. -दाः दरआ, पुं० दरद-निवासी; inhabitants of Darada country.

दरदभाषिन्, दरभासि, वि० त्रि० दरद या पैशाची अथवा भूतभाषा बोलनेवाला; speaking Darada or Bhūta bhāsa.

दरदलित, दर-दलिअ, वि० त्रि० ईषद्विकसित; a little bloom

दरि, दरि, [-री√ध] स्त्री० गुफा, खोह; cave, cavern, Note कन्दरम् महाप्रपातः

दरिद्र, दरिद्द, [√द्रा] वि० त्रि० लुब्धचित्त, भिखारी, गरीब; roving, begging, poor.

√दरिद्रा, दरिद्दा, स्त्री० [दरिद्राति, √द्रा] गरीब होना; to be poor.

दरीभृत, दरीभिउ, पुं० पहाड़; mountain, having caves.

दरीमुख, दरीमुहं, न० गुफा जैसा मुंह, गुफा का द्वार; cave-like mouth, outgate of a cave.

दरोद्गत, दरोग्गउ, वि० त्रि० कुछ-कुछ ऊपर आया, उभरा अथवा उत्पन्न, डर के मारे प्रकट; a little born or arisen, coming out or expressed of tear.

दर्दरीक, दद्दरीग, पुं० बादल, मेंढक; cloud, frog.

दर्दुर, दद्दुर, [√ध] पुं० बादल, मेंढक, बांसुरी, भाण्ड, मलय के निकट चंदन-गिरि; cloud, frog, flute, pot, Candanamountain. -रा, दद्दुरा, स्त्री० चण्डिका; Chandika (Durga) -म्, दद्दुरं न० ग्रामजाल; clustre of villagers.

दर्दुरटित, दद्दुरडिअ, वि० त्रि० मेंढकों की टरटर; voice of frogs.

दर्दुण, दद्दुणं, [√दु] वि० त्रि० दाद का रोगी, दद्दु-रोगी; one suffering from cutaneous eruption.

दर्दू, दद्दु, पुं० त्वग्रोग, दाद; cutaneous eruption, ring-worm.

ददुणपात्, दद्दुणपाअ, वि० त्रि० दाद से युक्त पैरोंवाला; having feet infected with ringworm.

दर्प, दप्प, [√दृप्, 'उत्क्लेशे', परपरिभवेच्छा] पुं० परावज्ञान, अहंकार, ऐंठ, गर्व, घमण्ड; arrogance, pride.

दर्पक, दप्पगो, पुं० कामदेव, अभिमान; Cupid, pride. दर्पकल, वि० त्रि० मदमत्त; choked with wildness, full of pride.

दर्पच्छिद्, दप्पच्छिउ, वि० त्रि० घमंड चूर करनेवाला; destroyer of pride.

दर्पच्यावन, दप्पचावण, वि० त्रि० घमंड दूर करनेवाला; depriving one of his pride.

दर्पध्मान, दप्पज्माण, वि० त्रि० घमंड में फूलना; to puffed up with pride.

दर्पशमन, दप्पसमणं, न० दर्पशान्ति, स्त्री० घमंड उतारना; allying pride.

दर्पशासन, दप्पसाअण, वि० त्रि० दर्पच्छिद् Allying of pride

दर्पण, दप्पण, [-णिका] पुंन० शीशा, आरसी; looking glass, mirror [√दृप् = causing vanity]

दर्पहन्, दप्पहण, (1) वि० त्रि० दर्पघ्न, घमण्ड तोड़ देने वाला; pridedestroying (2) -हा, दप्पहा, पुं० शिव; Śiva = दर्पहरः

दर्पध्मान, दप्पज्मिाउ, वि० त्रि० घमण्ड से फूला; puffed upwith pride.

दर्पित, दप्पिअ, वि० त्रि० अभिमानी; houghty

दर्भ, दब्भ, [√दृभ्, 'ग्रन्थे', ध्भति, संदर्भे दर्भयति] पुं० कशा, दाभ (जिसे बिछाया जाता और जिसका आसन बनाया जाता है); a grass tuft, grass used at sacrificial ceremonies.

दर्भचारिन्, दब्भचारि, पुं० अग्नि-रूप शिव; Siva as fire.

दर्भचीरम्, दब्भचीरं, न० 'तृणमयं वासः' cloth more of grass.

दर्भट, दब्भडं, न० निज या भीतरी (दर्भवाला, लेटने का) कमरा; private apartment.

दर्भपिञ्जूल, दब्भपिंजूलो, पुं० दाभ की पुंजी; abundle of Darbha grass.

दर्भमुष्टि, दब्भमुट्ठि, स्त्री० दाभ की मुट्ठी; a bunch of Darbha.

दर्भस्तम्ब, दब्भथंभ, पुं० दाभ का ढेर; a bunch of Darbha.

दर्भशूक, दब्भसूगं, न० दाभ की नोक; the sharp of point of darbha.

दर्व, दव्व, [√दृ विदारणे भये च] (1) वि० त्रि० फिसादी, हानिकर; mischievous, harmful. (2) -र्वः पुं० कड़छी, सांप का फण; ladle, hood of a snake.

दर्वट, दव्वडो, पुं० गांव का चौकीदार, दारोगा, थानेदार; village caukidar, police-officer.

दर्वि, दव्वी, [-वी, √ध दर्विकः made of wood] स्त्री० शाकादिपरिवेषणार्थ कड़छी; ladle.

दवि-होम, दव्वि-होमो, पुं० कड़छी से आहुति; oblation made with a ladle = दर्व्यः

दर्वीकर, दव्वीयरो, पुं० सांप, हाथ में कड़छी लिये; snake, having ladle in hand.

दर्श, दस्स, [√दृश्, सोमक्षयः] पुं० दृष्टि, नवचन्द्र दिवस, अमावस्या, सूर्येन्दु-संगम, अर्धमासिक याग, नवचन्द्र पर किया जाने वाला याग; sight, moon just becoming visible, Amavasya halfmonthly sacrifice, a sacrificial rite performed on the day of the new moon.

दर्शक, दस्सग, (1) वि० त्रि० देखनेवाला, दिखानेवाला, द्वारपाल, एक राजा का नाम; seeing, pointing out, a guide. (2) -का: दस्संगा, पुंव० महाभारत में एक जाति का नाम; name of a people and their country in the MBh.

दर्शंदर्श, दस्स-दस्स, क्रिवि० देख-रेख कर; noticing again and again.

दर्शन, दंसण, न० देखना, विचारना, मनन, दृष्टि, परीक्षण, ज्ञान, सिद्धांत, मन्तव्य, दर्शन-शास्त्र, शीशा; seeing, looking, vision, examination, knowledge, doctrine, philosophy.

दर्शनगृह, दंसणगिहं, न० दीवानखाना, audience chamber.

दर्शनगोचर, दंसणगोयरो, पुं० दृष्टि-विषय; the range of sight = दर्शनपथः, दर्शनभूमिः

दर्शनप्रतिभू, दंसणपीडभू, पुं० हाजिर करने की जिम्मेदारी लेने वाला, हाजिर-जामिनी; bail, surety for appearance of an accused.

दर्शनप्राभृत-दंसण-पाहुडं A book written by kundkundas.

दर्शनभीरु, दंसण-भीरु, वि० त्रि० देखने या मिलने-जुलने से घबरानेवाला; afraid of meeting with or seeing.

दर्शनपथपथिक, दंसण-पट्ठ-पहिग, वि० त्रि० नजर पड़ा, दिखाई दिया; noticed.

दर्शनान्तर्गत, दंसणंतरगअ, वि० त्रि० दीखा, देखने में आया; seen, come within the range of sight.

दर्शनीय, दंसणिज्ज, वि० त्रि० दर्शन-योग्य, सुंदर, vesible, beautiful = दर्श्य

दर्शनोत्सुक, दंसणुच्छुग, वि० त्रि० देखने की तीव्र इच्छावाला; eager to see.

दर्शनौत्सुक्य, दंसणुच्सुग, न० देखने की तीव्र इच्छा; eagerness to see

दर्शनपञ्चानन, दंसण-पंचाणणो, पुं० दर्शन केसरी दर्शनशास्त्र का प्रौढ़ विद्वान; great scholar in philosophy

दर्शनार्ह, दंसणारिह, वि० त्रि० देखने योग्य, किसी के सामने जाने योग्य; worthy of meeting with

दर्शप, दस्सव, [√पा] पुंव० दर्शाहुति पीने वाले; drinking the new-moon oblation, a class of gods.

दर्शपूर्णमास, दस्सपुण्णमास, [-सौ] पुं० नव एवं पूर्ण चन्द्र दिवस एवं मह; new and full moon days, and ceremonies performed on these days.

दर्शत्ययेन्दु, दस्सदिअ-इंदु, पुं० प्रतिपदा का चन्द्र; moon at the end of the dark half.

दर्शिन्, दंसि/दस्सि, वि० त्रि० द्रष्टा; one who sees, examines, or understands.

दर्शिवस्, दस्सिव, वि० त्रि० जिसने देखा है; one who has seen or known

दर्शित, दस्सिउ, वि० त्रि० दिखाया गया; made to see, guided, तु० केरलादर्शित पथ खं

√दल्, दल, अक० [विदारणे, दालयति] दो टूक हो जाना, फट जाना, खिल जाना, खुल जाना, फूल के रूप में खिल जाना, दो टुकड़े कर देना, फाड़ देना, खोल देना; to burst open, split, crack, to fly open, open, blossom, to cause to burst, split, or tear open, tear a sunder.

दल, दलं, न० पत्ता, टुकड़ा, समूह; leaf, part, host, heap, a detachment.

दलकोमल, दलकोमलं, न० कमल; lotus.

दलत्, दलअं, वि० त्रि० विकसित होता, खिलता हुआ। Blossomed. opened.

दलन, दलणं, [√दल्] (1) न० फाड़ना, दलना, विभाजन, विकास; splitting, breaking, opening or blooming etc. (2) वि० त्रि० फाड़ने वाला, पीस देने वाला; spliting, tearing, destroyer. -नी, दलणी, स्त्री० दुर्मट (सड़क आदि कूटने का); an implement to crush clods.

दलकपाट, दलकवाडो, पुं० न० पंखुड़ी रूपी द्वार; a door in the form of a petal.

दलनिर्मोक, दलणिम्मोक, पुं० भूर्ज वृक्ष; Bhurja tree

दलमालिनी, दलमालिणी, स्त्री० पत्ता गोभी; cabbage.

दलप, दलवो, पुं० एक शस्त्र, सुवर्ण, शास्त्र, दल का प्रभु; a weapon, gold, a shastra Master of a gons.

दलपति, दलवइ, पुं० किसी दल या पार्टी का प्रमुख, गिरोह का स्वामी; chief of a party or gang.

दलशः, दलसो, क्रिवि० एक-एक टुकड़ा लेकर, खंड-खंड से कर-कर एक-एक वर्ग का पार्टी के क्रम से; by pieces or by group.

दलाढ्य, दलाढय, पुंन० नदी-तट की कीचड़, पत्तों से भरा; mud on the banks of a river, full of leaves.

दलि, दलि, स्त्री० मिट्टी कूटनेवाला, दुर्मट; an impliment to crush clod of soul.

दलिक, दलिउ, न० थपकी, टिम्बर, a wooden pounder to make the ground or flower even, Timber.

दलित, दलिअ, वि० त्रि० मर्दित, दला गया, पीसा गया, विकसित; broken torn, asunder, crushed, bloomed.

दलीकृत, दलीकिउ, वि० त्रि० आधा किया; made half, halved

दल्भ, दब्भ, [√दृभ्] पुं० चक्र, छद्म, भय, एक ऋषि; wheel, fraud, fear, a sage.

दल्भि, दब्भि, [√दृ or √दल्] पुं० इन्द्रायुध; thunderbolt.

दव, दव, [√दु गतौ, √दू परितापे] पुं० अग्नि जलन, तपिश, ज्वर, पीड़ा, जंगल की आग, जंगल; fire, burning, heat, fever, pain, forest on fire, forest.

दवथु, दवहु, [√दू 'परितापे'] पुं० अग्नि, पीड़ा, आंख का सूजना; fire, pain, inflammation of the eye

दवदहन, दवदहणो, पुं० जंगल की आग; forest conflagration. [Cp. दवदान, setting forest on fire]

दवयति, दवयइ, दूर करता है; makes distant, removes.

दवाग्नि, दवग्गि/दवग्गिणी, पुं० जंगल की आग; fire in a burning forest = दवदहनः, दावानलः

दवाग्निदग्ध, दवग्गिदद्ध, वि० त्रि० वन की आग से जला; burnt by forest fire.

दवाग्निपरिगत, दवाग्निपरीत, दवग्गि-परिगअ/दवग्गि-परीउ, वि० त्रि० जंगल की आग से घिरा; encircled by the forest fire.

दविष्ठ, दविट्ठ, [दूर, दवीयस्, दविष्ठ] वि० त्रि० बहुत दूर का; most distant

दवीयस्, दवीय, वि० त्रि० अधिक दूर का, दूरस्थ; more distant, mor remote

दशक, दसग, न० दश का समूह; group of ten.

दशकण्ठ, दसकंठो, पुं० दशकन्धर रावण; epithet of Ravana who had ten throats = दशग्रीवाः दशशिरस्, दशशीर्षः, दशाननः

दशकण्ठघातिन्, दसकंठघाइ, पुं० रावण को मारनेवाले, राम; killer of ten headed, Rama, दशकण्ठारि, दशकण्ठरिपु आदि।

दशकर्मन्, दस-कम्मं, न० दस संस्कार; the ten samskaras, prescribed for the twice-born.

दशगणी, दसगणी, स्त्री० व्याकरण के दस गण; ten classes of roots

दशगु, दसगु, वि० त्रि० दस गौओं वाला; possessing ten cows.

दशग्रामी, दसगामी, स्त्री० दस गांव; ten villages [but दाशग्रामिक chief of ten villages]

दशग्रीव, दसगीवो, पुं० दशकण्ठ A name of Rāvana.

दशतय, दसतअ, वि० त्रि० दस भागों वाला; consisting of ten parts. -यी, दसतई, स्त्री० दस मण्डलों वाला ऋग्वेद; Rgveda having ten Mandalas.

दशति, दसइ, स्त्री० दस की टुकड़ों; group of ten

दशधा, दसहां, क्रिवि० दस प्रकार से, दस भागों में; in ten parts, tenfold.

दशधर्मन्, दसधम्मो, नपुं० दशधर्म; Jain endowed with tenfold religion, खंती - मद्दव - अज्जव - सच्च - सोच - संजम - तव - चाग - आकिचणं बंहचेरो

दशन्, दसहा, स्त्री० दस; ten

दशन, दसणं, [√दश्] न० दांत; tooth, fang.

दशनच्छद, दसणच्छद, पुं० होंठ; lip [covering teeth] = दन्तच्छदः दशनवसनः, दशनवासस

दशनाङ्क, दसणंको, पुं० दन्तक्षत; bite = दशनपदम्

दशनोच्छिष्ट, दसणोच्छिट्ठं, न० चुम्बन; kiss

दशपारमिताधर, दसपारमिआहरो, पुं० बुद्ध; Buddha, possessing the ten perfections.

दशपिण्डश्राद्ध, दस-पिंडसड्ढ, न० वह श्राद्ध जिसमें पहले दिन एक, दूसरे दिन दो, तीसरे दिन तीन इस प्रकार दस पिण्ड तक चढ़ायें जाते हैं; a Sraddha in which on the first day one and on each successive day one more pinda is offered untill the number mounts to ten.

दशपुर, दसउरं, न० एक प्राचीन नगर, आज का मन्दसौर, रान्तिदेव की राजधानी; an ancient city, modern Mandsaur (MP) capital of king Rantidev.

दशपूली, दसपूली, स्त्री० दस पूलियां; ten bunches.

दशबल, दसबलो, पुं० बुद्धः दान, शील, क्षमा, वीर्य, ध्यान, प्रज्ञा, बल, उपाय, प्रणिधि, ज्ञान इन दस बलों वाला; Buddha endowed with tenfold power.

दशबाहु, दसबाहु, पुं० शिव; epithet of Siva.

दशम, दसम, वि० त्रि० दसवां; tenth.

दशमहाविद्या, दसमहाविज्जा, स्त्री० दस महादेवियां: काली, तारा, षोडशी, भैरवी, भुवनेश्वरी, धूमावती, छिन्नमस्ता, मातङ्गी, बगला और कमला; the ten goddesses-called Mahavidya and Mahamaya.

दशमाय, दसमाय, वि० त्रि० दस चालों वाला; having ten tricks.

दशमास्य, दसमस्स, वि० त्रि० दस महीने का; ten months old.

दशमासिक, दसमासिग, वि० त्रि० दस महीने के लिये लिया; hired for ten months.

दशमिन्, दसमि, वि० त्रि० अतिवृद्ध; very old.

दशमी, दसमी, [नवत्यधिका अवस्था] 90 से ऊपर की अवस्था; the stage above nienty years.

दशमीस्थ, दसमित्थ, वि० त्रि० वृद्ध; old = in his tenth decade.

दशमीहतक, दसमीहतग, वि० त्रि० बुढ़ापे का मारा, बुड्ढा (गाली); curd oldman.

दशमुखान्तक, दसमुहंतगो, पुं० रामचन्द्र; Ramacandra, the killer of Ravana.

दशयोक्त्र, दसशोक्क, वि० त्रि० दस जोतों वाला; having ten girths.

दशरथ, दसरहो, [दशः पक्षी रथो यस्य 'विष्णुः', अथवा दशसु दिक्षु अप्रतिहतो रथो यस्य] पुं० जिसका रथ दसों दिशाओं में घूमता है। राम के पिता; Having Chariot move in ten directions, father of Rama, Laksmana Bharata and Satrughna.

दशरश्मि, दसरस्सि, पुं० सूर्य; Sun

दशरथतनय, दसरहतणओ, पुं० राम; son of Dasaratha, दशरथसूनु, दशरथसुतः आदि

दशरात्र, दसरत्त, न० दस दिन का समय; period of ten days. -त्रः दसरत्तो, पुं० दस दिन तक चलने वाला एक यज्ञ; a particular sacrifice lasting ten days.

दशरूपक, दसरूवगं, न० नाटक के दस रूपों का वर्णन करने वाला धनंजय-कृत ग्रन्थ; Dhananjaya's work describing the ten forms of drama.

दशरूपभृत्, दसरूवभिउ, वि० त्रि० विष्णु; an epithet of Visnu.

दशवर्ष, दसवास, वि० त्रि० दस बरस का; ten years old = दशवर्षिन्, दशवर्षिय, दशवार्षिक

दशवैकालिकः, दसवेयालिगो, पुं० A Jain surtha dashvaikalyik.

दशशत, दससअ, [or -ती] न० एक हजार; ten hundred.

दशसूना, दससूणा, [दशानां पशूनां वधो यया सा पशुघ्नजातिः] स्त्री० पशुमारक जातिविशेष; a particular caste slaughtering animals, दस प्रकार की हत्याएं; killing of ten types or ways.

दशहरा, दसहरा, स्त्री० गङ्गा, गङ्गा की मिन्नत में ज्येष्ठ के दशम दिन का उत्सव, दुर्गा को मानने के लिये आश्विन की दशमी को किया जने वाला मह; epithet of Ganga, festival in honour of Gangā on the tenth day of Jyestha, a festival in honour of Durga, held on the tenth day of Asvina.

दशा, दसा, स्त्री० वस्त्राञ्चल, कपड़े की कन्नी या गोट, झालर, बत्ती, आयु, अवस्था, ग्रहों के प्रभाव का समय; fringe of a garment, hem, wick, period of life, circumstance, period of planet's impact.

दशाक्षर, दसक्खर, वि० त्रि० दस अक्षरों वाला; consisting of ten syllables.

दशाच्छेद, दसच्छेदो, पुं० बत्ती को काटना; to nip the wick of a lamp.

दशाङ्गुल, दसंगुल, वि० त्रि० केवल दश अंगुलभर; measured equal to ten fingers only.

दशाङ्गुलमित, दसंगुलमिउ, वि० त्रि० दस अंगुलभर नापा गया; measured ten fingers.

दशानन, दसाणणं, [-श् + आ-] पुं० दस मुंह वाला, रावण; having ten mouths, Ravana = दशास्यः।

दशाननरिपु, दसाणणरिउ, पुं० राम; enemy of Ravana, Rama.

दशाननसुत, दसाणणसुओ, पुं० रावणपुत्र, मेघनाद; son of Ravana, Meghanada.

दशान्त, दसंतो, [-शा + अ-] पुं० बुढ़ापा, जीवन का अन्तिम भाग; old age.

दशापरिपाक, दसा-परिपागो, पुं० भाग्य का फेर; change in a man's fate.

दशाभाग, दसाभागो, पुं० किसी ग्रह की दशा का समय; influence of a planet while crossing a particular Zodiac sign.

दशार्ण, दसारिण, [दश ऋणानि दुर्गभूमयः यस्मिन्] पुं० अवन्ति जनपद के पूर्व वेत्रवती (बेतवा) से पश्चिम का प्रदेश, जिसकी राजधानी विदिशा (भेलसा)थी, जो नदी बहती है जो आजकल 'घंसान' कहाती है। भिलसा के समीप एक नीची पहाड़ी है, जिसका जिक्र कालिदास ने मेघदूत (पूर्वमेघ) में किया है; Ten forests ten forests generally indentified with the Bhilsa region in M.P. The Dasarnas occupied a site on the Dasarna river (modern Dhasan) flowing near Saugar, rising in Bhopal and emptying into the Betva.

दशार्ध, दसारिह, वि० त्रि० दस का आधा; half of ten

दशार्ह, दसारिह, पुं० कृष्ण, विष्णु; epithet of Krsna, Visnu.

दशावतार, दसावयारो, [-राः] पुं० विष्णु के दस अवतार; ten incarnations of Visnu.

दशावतारधर, दसावयारहर, वि० त्रि० विष्णु; an epithet of Visnu.

दशाह, दसाह, [-श + अ-] पुं० दस दिन; span of ten days.

दशाहकर्मन्, दसाहकम्मं, न० मरने के बाद के दस दिनों में होनेवाला अंत्येष्टि संस्कार, दश गात्र विधि; a ritual performed within ten days after one's death.

दशिन्, दंसि, (1) वि० त्रि० दस में बंट्य, दस भागों वाला; divided into ten parts. (2) -शी, दंसी, पुं० दस गांवों का सरपञ्च; superin-tendent of ten villages.

दशेन्धन, दसिंधणो, पुं० लैम्प; lamp

दशैकादशिक, दसेगादसिग, वि० त्रि० दस देकर ग्यारह लेने वाला; lending money at ten per cent.

√दस्, दस्, अक० [उपक्षये, दस्यति] घटते जाना झुरना; to languish, suffer, lack. (2) √दस् दंसयते, दंसति, अच्छा दीखना, सुन्दर बनना, आश्चर्यमय या चित्रमय बनना, काटना, नष्ट कर देना; to become beautiful be wonderful, sting, destroy.

दस्म, दस्स, [दस् 'दर्शनसंदेशनयोः'] (1) पुं० यजमान, हुताशन, sacrificer, fire. (2) वि० त्रि० चित्रकर्मकारी; doing wonderful deeds.

दस्यु, दस्सु, [दस् उपक्षये] पुं० शत्रु बर्बर, लुटेरा, चोर, डाकू, राक्षस, भील, (नाश या उपक्षय के योग्य), enemy, barbarian, thief, robber, demon, Bhil. In ancient literature the Dasyus are referred to as contemptuous; [these are down-trodden and badly suppressed].

दस्युदमन, दस्सुदमणं, पुं० मान्धाता का एक नाम जिससे रावण आदि दस्यु डरते थे। इसीलिये उनका नाम त्रसदस्यु (त्रसद्दस्यु) पड़ा था; a name of king Mandhatr from whom rogues like Ravana feared, Hence he was named Trasadasyu also.

दस्र, दस्स, [दस् 'दर्शनसंदंशनयोः'] (1) वि० त्रि० सुन्दर, अवदानकारी; beautiful, performing heroic deeds. (2) पुं० अश्विनीकुमार, स्वर्ग-वैद्य, गदहा; epithet of Asvini kumaras, heavenly physician, ass.

दस्रसू, दस्ससू, स्त्री० सूर्य की पत्नी संज्ञा, अश्विनीकुमारों की माता; Sanjña, the wife of sun god and mother of Aswins.

√दह, दह, सक० [-भस्मीकरणे, दहति, दग्ध, दाहयति, दिधक्षति, दंदह्यते, गर्हायाम्] जलाना, कल्पना, दुःख देना, पिराना, सताना; to burn, cause pain.

दहन, दहण, (1) वि० त्रि० दाहक; burning, consuming. (2) -नः दहणो, पुं० अग्नि; fire.

दहनज्वाला, दहणजाला, स्त्री० आग की लपट; flame of fire.

दहनप्रिया, दहणपिआ, स्त्री स्वाहा An oblation made to all gods indislriminatily.

दहनसारथि. दहण-सारहि, पुं० पवन; wind

दहर, दहर, (1) वि० त्रि० छोटा बिल, सगर्त; small, having cavity. (2) -म्, दहरं/डहरं, न० कौपीन, चूहा, छोटा भाई; a piece of cloth passed over privities, a rat, younger brother.

दह्र, दह, वि० त्रि० छोटा सूक्ष्म; small, fine, 'अन्योऽपरारात्रः दह्रः' √दा, दा [दाने, प्रणिददाति, दत्त, दापयति, दित्सति] देना, सौंपना, भेंट करना, पेश करना (आसन आदि), छोड़ना, रखना, बनाना, विवाह में (कन्या) देना; to give, offer (seat etc.), give up, put, create give in marriage (daughter) (2) √दा [दाने, प्रणियच्छति, दत्त] (2) √दा [लवने, प्रणिददाति] काटना, फसल काटना; to cut, harvest, तु० Hindi, 'दाती' sickle. (4) √दा [अवखण्डने द्यति] काटना, बांट देना, दो कर देना; to cut divide: दांत वहिः, (5) √दा [शोधने, दायति] साफ करना, शुद्ध करना; to clean, cp. दानम् 'शुद्धिः' : 'अवदातं मुखम्' (6) √दा [खण्डने दानयति, अर्थविशेष सन्, दीदांसति-सते] तोड़ना; to break. (7) √दा [बन्धने, द्यति] बांधना; to bind: दामन् string.

दाक्षायण, दक्खायणो, [-क्ष + अ-] पुं० शारद संक्रान्ति पर अनुष्ठेय यज्ञविशेष; a sacrifice performed at winter solstice. -णम्, दक्खायणं, न० सुवर्ण; gold. -णिन्, दक्खायणि, वि० त्रि० सुवर्णालंकार वाला;

having golden ornaments. -णी [दक्षस्यापत्यं स्त्री] -ण्य: स्त्रीब० 28 नक्षत्र: श्रविष्ठा [अतिशयेन श्रववती], शत-भिषज्, पूर्वभाद्रपदा, उत्तरभाद्रपदा, रेवती, अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरस् [= आग्रहायणी] आर्द्रा, पुनर्वसू, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वफाल्गुनी, उत्तरफाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा; 28 Naksatras.

दाक्षाय्य, दक्खय्य, पुं० गिद्ध; vulture

दाक्षिण, दाहिण वि० त्रि० दक्षिण या दक्षिणा से संबद्ध, दक्षिणी, दक्षिणा-सामग्री का ढेर; relating to the right or sacrificial fee, southern, heap of the sacrificial gifts. [-शाल: relating to a hall situated to the south]

दाक्षिणात्य, दाहिणाय, दक्खिण्ण [दक्षिणा-भव:] वि० त्रि० दक्षिण का निवासी, दक्षिणी (नारियल अथवा पुरुष); native of Deccan, southern (coconut or person)

दाक्षिण्य, दाहिण्ण, न० परच्छन्दानुवर्तन, सरलता, औदार्य, नम्रता, शालीनता, दया; liberality, politeness, frankness, kindness, winning manners.

दाक्षिण्ययुक्त, दाहिण्णजुत्त, वि० त्रि० सबसे बनाए रखनेवाला, लोक व्यवहार में निपुण; graced with kindness.

दाक्षेय, दक्खेयो, पुं० दाक्षी-पुत्र; son of Daksi, Panini. Note दाक्षेयी

दाक्ष्य, दक्ख, [दक्षस्य भाव: कर्म वा, नित्योत्साह:] न० चातुर्य, शीघ्र कारित्व, लघुकारित्व; dexterity, skill

दाक्षी, दक्खी, स्त्री० पाणिनि की माता; mother of Panini

दाक्ष्यसम्पन्न, दक्खसंपण्ण, वि० त्रि० निपुणता से युक्त; blessed with dexteriority.

दाड़िम, दाडिम, पुंन० अनार का पेड़ और फल; pomegranate: tree and fruit

दाडिमरस, दाडिमरसो, पुं० अनार का रस; juice of pomegranate

दाढक, दाढगो, पुं० चौड़ा, जबड़ा, डाढ़; large tooth

दाढिका, दाढिगा, स्त्री० दाढ़ी; beared. But दाढ़ा large tooth or tusk

दाण्डमाथिक, दंडमाहिग, [दण्डमाथ: = दण्डाकारो माथ: पन्था:] वि० त्रि० डंडे के समान सीधे मार्ग पर चलने वाला, नाक की सीध चलने वाला; one who follows a path straight as staff (or churning with a straight stick).

दाण्डाजिनिक, दंडाजिणिग, [दण्डाजिनं दम्भ:] वि० त्रि० डंडा और मृगछाल से ठगने वाला, धोखेबाज, ठग; one who carries a staff and hide as a mere outward sign of a religious devotion.

दातृ, दाउ, वि० त्रि० दाता, देने वाला, उधार देने वाला; giver, donor, creditor. Note कुटुम्बानां दातार: परविवाह-कर्तार:

दातृत्व, दाउत्त, न० दानीपन; liberality

दात्यूह, दाऊह, [or -दात्यौह] पुं० जल-काक, चक्रवाक, चातक, मयूर; (water) crow, cakravaka, cataka, peacock.

दात्र, दत्त, [√दा अवखण्डने] न० दांती, चाकू, भाग; sickle, knife, share.

दाद, दाद, [√दा] न० दातव्य; gift, donation, पुं० दाता; giver.

दाधिक, दाहिग, [दध्ना संस्कृतम्] वि० त्रि० दही में डुंघारा; fumigated or cooked with curd.

दाधिमथ, दाहिमह, वि० त्रि० ब्राह्मणों की एक जाति; a caste among brahmanas.

(1) **दान**, दाण, [√दा अवखण्डने] न० हाथी का मद, विदारण; ichor flowing from the temple of an elephant in rut, cutting, splitting. (2) दान, [√दा दाने] दान, तोहफा, भेट, औदार्य, स्वीकृति, विवाह में दान, होम में आहूति-प्रक्षेपण; giving, gift, donation, liberality, conceding, giving in marriage, offering in fire. (3) दान, [√दा शोधने] न० शुद्धि; purity; आहारदान, ज्ञानदान, औषधदान और अभयदान।

दानक, दाणग, न० तुच्छ या खिसिया कर दिया दान; mean gift

दानकुल्या, दाणकुल्ला, स्त्री० हाथी के माथे से मद की धारा बहना; flow of rut from the temple of elephant

दानपति, दाणवई, पुं० दानाध्यक्ष, दान विभाग का मुख्य अधिकारी, अक्रूर की उपाधि; head of the department of alms, a title of Akrura.

दानपत्र, दाणपत्तं, न० देने का लेख, अभिमत, a deed of gift.

दानप्रातिभाव्य, दाणपाडि-भव्वं, [दानप्रतिभू-] न० कर्ज चुकाने का जामिनी; surety for payment of debt.

दानभिन्न, दाणभित्त, वि० त्रि० रिश्वत देकर फोड़ा; made hostile by bribes.

दानव, दाणावो, पुं० दनुपुत्र, दानव, राक्षस; a Rāksasa or demon.

दानवता, दाणवआ, स्त्री० असुरवृत्ति, मानवता का विपरीतार्थक; to have a quality of danava, opposite to मानवता

दानवगुरु, दाणव-गुरु, पुं० शुक्राचार्य; an epithet of Śukra

दानववैरिन्, दाणववेरि, वि० त्रि० दानवों का शत्रु, विष्णु; an epithet of Visnu

दानवत्, दाणव, वि० त्रि० दानी, उदार; rich in gifts, munificent.

दानवर्तिन्, दाणवत्ति, वि० त्रि० मदचूता हाथी; rutting elephant

दानव-वारि, दाणववारि, न० हाथी का मद; ichor flowing from elephant.

दानशौण्ड, दाणसोण्ड, वि० त्रि० दानवीर; giving-much, giving freely.

दानशौण्डीर्य, दाणसुंडीरिअं, न० अत्यधिक दानी होना; extreme in liberalness.

दानीय, दाणिज्ज, [दीयतेऽस्मै] वि० त्रि० ब्राह्मण; a Brahmin, who should be given gifts.

दानु, दाणु, (1) वि० त्रि० बिजली; conqueror. (2) -नुः दाणु, पुं० दाता, समृद्धि, संतोष, वायु, राक्षस; donor, property, satisfaction, wind, demon. -नु, दाणु, न० बूंद; drop, Cp. दानुमती full of drops.

दान्त, दंत, [दमितः, गुरुभिः शिक्षितः] वि० त्रि० संयत, गंभीर, उदार, जितेन्द्रिय, गजदन्तमय; tamed, disciplined made of ivory.

दापित, दाविउ, [√दा णि०] वि० त्रि० दिलाया, दण्डित, जुर्माना हुआ; caused to be given, fined.

दाप्य, दाव, [√दा णि०] वि० त्रि० दिलाया जाने योग्य; one who should be caused to be given.

दामन्, दामण, [√दा बन्धने] न० बन्धन, रस्सी; bond, rope, cord.

दामग्रन्थि, दामगंथिवि, ग्रन्थिकः, अश्वपालः, सईस, groom

दामनी, दामणी, स्त्री० पगही घोड़े या गधे के पैरों में बांधी जाने वाली रस्सी; a foot-rope.

दामाञ्चल, दामंचलं, न० घोड़ों का पादपाश, पगही; tether.

दामोदर, दामोदरो, पुं० कृष्ण, कुट्टनीमतं के रचयिता कवि; name of Krsna, a poet, author of Kuttanimatam.

दाम्पत्य, दामपच्च, न० दंपतिभाव; state of being husband-wife.

दाम्पत्यजीवन, दामपच्च-जीवणं, न० गृहस्थ जीवन, पति-पत्नी संयोग; union of wife and husband.

दाम्पत्यसुख, दामपच्चसुहं, न० पति-पत्नी के परस्पर मेल से उत्पन्न आनंद; a bliss created by affection between wife and husband.

दाम्भिक, दब्भिग, वि० त्रि० दम्भी, ठग; deceitful

दाय, दाय, [दीयते इति, दानम्] पुं० दान, विवाह में संपत्तिदान, जो पुत्र-पौत्रों को दिया जाय, बाप-दादा की संपत्ति (में भाग) करार्थ देय

धन; gift, nuptial presents, inheritance, patrimony (six types of sons are debarred from getting it: कानीन, सहोढ़, क्रीत, पौनर्भव, स्वयंदत्त शौद्र), tax.

दायक, दायग, वि० त्रि० दाता, उत्तराधिकारी, पुत्र भाई आदि, this word comes at the end of a noun, जैसे - सुखदायक, प्राणदायक; giving, bestowing, heir.

दायबन्धु, दायबंधु, पुं० दाय में शरीक; a partner in inheritance.

दायभाग, दायभाग, पुं० पैतृक संपत्ति का पुत्रादि द्वारा आपस में विभाजन; portioning of inheritance.

दायागत, दायागअं, वि० त्रि० परंपरा-प्राप्त; inherited.

दायाद, दायाद, [दायम् आदत्ते] वि० त्रि० दाय का अधिकारी, रिक्थाधिकारी; one entitled to a share in inheritance, an heir.

दायाद्य, दायाज, न० पैतृक धन का स्वीकरण, उत्तराधिकार, inheritance.

दायापवर्तन, दायाववट्टणं, न० संपत्ति जब्त हो जाना; forfeiture of property

दायिन्, दाइ, वि० त्रि० दाता; giving.

दार, दार, [√दॄ] पुं० दराड़ [= प्रदरः], कामदेव; fissure, cleft, cupid. -राः [दारयन्ति, दीर्यन्ते वपा, निब०] पत्नी; wife

दारक, दारग, [दारकौ सुतः सुता च, like पितरौ] पुं० लड़का, बच्चा, पुत्र, child, son

दारिका, पुत्री Daughter.

दारकर्मन्, दारकम्मं, न० विवाह, दारक्रिया; marriage: दारसंग्रहः, दारपरिग्रहः, दाराधिगमनम्, दारोपसंग्रहः

दारण, दारणं, न० चीरना, फाड़ना; tearing, cutting, वि० त्रि० चीरने-फाड़ने वाला तु० कुमारः कौञ्चदारणः (अको०); tearing, cutting.

दारद, दारद, पुं० पारा, दरद देश का; quicksilver, coming from the country of Daradas, belonging to Darada.

दारव, दारव, [दारुणो विकारः] वि० त्रि० दारुनिर्मित, made of wood, wooden = दारुजम्

दारव्यतिक्रमिन्, दारवयइक्कमि, वि० त्रि० पत्नी-त्यागी; one who abandons his wife.

दारसङ्ग्रह, दारसंगह, पुं० विवाह करना, पत्नी लाना; to marry.

दारसङ्ग्रही, दारसंगही, वि० त्रि० विवाहित; married.

दारसहचर, दार-सहयर, पुं० पति-पत्नी के साथ रहनेवाला, कबूतर; a husband, always in company of wife, a pigeon

दारित, दारिअ, [√दॄ णि०] फाड़ा; torn, rent.

दारिन्, दारि, पुं० पति; husband.

दारिद्र्य, दारिद्द, न० दरिद्रता, गरीबी, बेबसी, रौक्ष्य; poverty, indigence, harshness.

दारिका, दारिगा, स्त्री० दारक का विरोधी, पुत्री, वह वेश्यापुत्री धन देकर जिससे प्रथम समागम किया हो; opp, of daraka, a daughter, a daughter of a harlot enjoyed sex with after giving the gift.

दारी, दारी, स्त्री० एक वनमक्खी, एक रोग; a horsefly, a desease.

दारु, दारु, [√दॄ] पुंन० लकड़ी का वंरगा, लट्ठा, गुटका, लकड़ी; piece of wood, log, wood.

दारुक, दारुगो, पुं० कृष्ण का सारथि; name of Kṛṣṇa's chario-teer. **-का स्त्री०** कठपुतली; wooden doll.

दारुकर्मन्, दारुकम्मं, न० लकड़ी का काम; wood-carving.

दारुकृत्य, दारकिच्च, न० लकड़ी का काम; wood-work = दारुकर्मन

दारुगर्भा, दारुगब्भा, स्त्री० कठपुतली; wooden doll = दारुपुत्री or -पुत्रिका, दारुपुत्रकम्, दारुयन्त्रम्, दारुस्त्री

दारुज, दारुज, पुं० एक प्रकार का ढोल; a drum

दारुसार, दारुसारो, पुं० चंदन; a sandal wood.

दारुहरिद्रा, दारुहरिद्दा/दारुहलिद्दा, स्त्री० दारुहल्दी, किनगोड़ की जड़ (गढ़); Indian opinthalmic berberry

दारुण, दारुण, [√दृ connected with दारु wood] (1) वि० त्रि० निर्मम, बेदर्द, सख्त, क्रूर, सशक्त, भयानक-रस (काव्य में) hard, harsh, frightful, strong, sentiment of terror (in poetics) (2) -म् दारुणं न० दारुणता, सख्ती, कठोरता; severity, cruelty.

दारुण्य, दारुण्ण, न० कठोरता, दारुणता, बेदर्दी; harshness, curelty

दारुण्य-दुष्ट, दारुण्ण-दुट्ठ, वि० त्रि० क्रूरता की बुराई से दूषित; bad due to cruelty.

दारोदर, दारोदर, वि० त्रि० दुरोदर अर्थात् जुए से संबद्ध; connected with gambling.

दार्घसत्र, दद्धसत्त, वि० त्रि० दीर्घसत्र से संबद्ध; connected with a protracted sacrifice.

दार्ढ्य, दारढय, [दृढ़-] न० सख्ती, दृढ़ता, स्थिरता, शक्ति; hardness, firmness, strength.

दार्ढ्यजनक, दारढयजणग, वि० त्रि० मजबूती या दृढ़ता उत्पन्न करनेवाला; creating hardness.

दार्ढ्यसम्पन्न, दाढरिअ-संपण्ण, वि० त्रि० दृढ़ता से युक्त; blessed with strength.

दार्तेय, दारतेय, [दृतौ भवम्] वि० त्रि० मशक में; water contained in a leather bag.

दार्दुर, दद्दुर, (1) वि० त्रि० दर्दुर अर्थात् मेघ से संबद्ध, मेंढक का; relating to cloud, a frog. (2) -रम्, ददुर, न० जल; water.

